भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2406
उत्तर देने की तारीख : 22/03/2023

केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित उच्चतर शिक्षा संस्थान

2406 श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान कुल कितने केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान आईआईटी, आईआईएम आदि सहित केन्द्र सरकार द्वारा वित्तपोषित कुल कितने उच्चतर शिक्षा संस्थानों की स्थापना की गई है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा वित्तपोषित कुल कितनी तकनीकी संस्थाओं की स्थापना की गई है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ग) केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों / संस्थानों की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है। विगत पांच वर्षों के दौरान शिक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन निम्नलिखित संस्थान स्थापित किए गए हैं:
आंध्र प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश (2019), आंध्र प्रदेश, केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश (2019), केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली (2020), श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली (2020), राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश (2020), सिंधु केंद्रीय विश्वविद्यालय, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख (2022)।

*****